अभ्यास कार्य -2



ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

CLASS : V
SUBJECT :H.HINDI
CHAPTER NUMBER:7,8
CHAPTER NAME : अभ्यास कार्य-2
SUBTOPIC: अपठित पद्यांश ,लघुत्तरीय प्रश्न ,व्याकरण

अभ्यास कार्य-२

१. पठित पद्यांश- संदर्भ से जन्म-भूमि से बढ़कर सुंदर , कौन देश है इस धरती पर ?

क) यहाँ किस देश की चर्चा की गई है ?

ख) जन्म - भूमि से क्या तात्पर्य है ?

ग) 'धरती ' का पर्यायवाची शब्द लिखिए ।

२. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर विस्तारपूर्वक लिखिए ।

क) बिहू को किस पर्व के नाम से पुकार सकते है ?

ख) हमारे राष्ट्रीय ध्वज में कितने रंग होते हैं ? ये रंग हमें क्या संदेश देते हैं ।

३. वाक्य को पढ़िए एवं क्रिया के भेद लिखिए ।

क) शेर जंगल में सो रहा था।

ख) हम सभी को अपने आसपास सफ़ाई रखनी चाहिए ।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

४. वाक्यों को निर्देशानुसार बदलकर दुबारा लिखिए ।

क)मोहन शिक्षिका से पूछ रहा है ।(भूतकाल)

ख) शिक्षक वीर शिवाजी के बारे में पढ़ा रहे हैं। (भविष्यत् काल)

उत्तर

१. क)यहाँ हमारे देश भारत की चर्चा की गई है ।

ख) जन्म - भूमि वह होती है जहाँ हम जन्म ग्रहण करते हैं । जन्म स्थान को हो जन्मभूमि कहते हैं ।

ग)धरती का पर्यायवाची है - ज़मीन, भूमि

२. बिहू को 'राष्ट्रीय - एकात्मकता का पर्व' के नाम से पुकार सकते हैं।यह पर्व पूरे परिवार एवं समाज के साथ मिलकर हर्षोल्लास के साथ मनाया जाने वाला पर्व है, जिसे साल में तीन बार मनाया जाता है - बोहाग बिहू , कार्तिक बिहू और माघ बिहू। यह पर्व कृषि से संबंधित है ।फसल को उगाने से लेकर फसल के कटने
तक का पर्व हैं।

इस पर्व में सामूहिक रूप से नाच गान एवं प्रीतिभोज का आयोजन होता है।

ख) हमारे राष्ट्रीय ध्वज में तीन रंग होते हैं । इन तीनों रंगों का अपना विशेष महत्व और मतलब है। केसरिया को साहस और बलिदान का प्रतीक कहा जाता है, सफेद रंग को शांति और सच्चाई का प्रतीक कहा जाता है जबकि हरा रंग संपन्नता का प्रतीक होता है।

३. क)अकर्मक क्रिया ,

ख) सकर्मक क्रिया

४. क)मोहन शिक्षिका से पूछ रहा था ।

ख)शिक्षक वीर शिवाजी के बारे में पढ़ाएँगे ।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

ODM
EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

THANKING YOU

ODM EDUCATIONAL GROUP